# मप्र को उम्मीदों से ज्यादा मिला, लेकिन कुछ की उम्मीदें भी टूटीं

## नितिन की टीम का हिस्सा बनने के बाद अब वीडी शर्मा केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हो पाएंगे

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 17 अगस्त. भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की बहुप्रतीक्षित नई टीम का आखिरकार सोमवार को गठन कर दिया गया. इस नई टीम में मप्र को उम्मीदों से ज्यादा मिला है.**

मप्र को 8 बड़ी जिम्मेदारी मिली है, ऐसे समय जब कि मप्र में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी नहीं है, तब भी मप्र को केंद्रीय बॉडी में इतना अधिक स्थान मिलना इस बात का संकेत है कि प्रदेश के मजबूत भाजपा संगठन



का सम्मान केंद्रीय नेतृत्व भी करता है. नई टीम में जहां मप्र को भरपूर तवज्जो मिली है, वहीं दूसरी तरफ कुछ की उम्मीदें भी टूटी हैं.

प्रदेश के कुछ कद्दावर नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन उनकी उम्मीदों पर तुषारापात हुआ है. विशेष रूप से कद्दावर नेताओं में शुमार किए जाने वाले कैलाश विजयवर्गीय. वे पहले ही प्रदेश में मंत्री का दायित्व निभाते हुए बहुत ज्यादा सहज नहीं दिख रहे हैं, कई बार इस असहज स्थिति को प्रत्यक्ष या परोक्ष तरीके से सार्वजनिक भी कर चुके थे, उसके बाद उम्मीदें लगाई जा रही थी, कि केंद्रीय नेतृत्व उनको नितिन की टीम में बढ़ी जिम्मेदारी दे सकता है, ऐसा कुछ नहीं हुआ. ऐसे में अब उनको लेकर एक सवाल जरुर रहेगा कि वे प्रदेश में सहज रूप से मंत्री बने रहेंगे या फिर कुछ और की उम्मीदों से रहेंगे?

**गजेन्द्र पटेल और बंशीलाल गुर्जर ने चौंकाया...**

खरगौन से दूसरी बार के सांसद गजेन्द्र पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है, उनके इस चयन ने चौंकाया है, माना जा रहा है कि निमाड़ क्षेत्र में नया आदिवासी नेतृत्व उभारने के लिए उनके कद में इजाफा किया गया है. हांलाकि इसी क्षेत्र की सावित्री ठाकुर को केंद्रीय राज्यमंत्री बनाकर सरकार में मौका जरुर दिया गया है. इधर बंशलील गुर्जर को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है.

### शिवराजसिंह के भरोसेमंद हैं सौदान सिंह

सौदान सिंह को राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री बनाया गया है. ये बड़ी जिम्मेदारी है. वे पहले राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं. सौदान सिंह विदिशा जिले के रहने वाले हैं और उन्हें केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान के भरोसेमंद नेताओं में शुमार किया जाता है. चंडीगढ़ में उनका मुख्यालय होगा. यानी पंजाब-हरियाणा क्षेत्र में संगठन के कामकाज पर पैनी नजर रखने की जिम्मेदारी उनके कंधे पर होगी.

### वीडी शर्मा, कविता पहले ही थे स्वाभाविक दावेदार

पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा और कविता पाटीदार को टीम में शामिल किए जाने का स्वाभाविक दावेदार माना जाता रहा है. वीडी शर्मा को भाजपा की सभी राष्ट्रीय प्रकोष्ठ संकुल का प्रभारी बनाया गया है. इससे अब यह साफ हो गया है कि वीडी शर्मा केंद्र में मंत्री पद के दावेदार नहीं रहेंगे. इधर कविता पाटीदार को राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व दिया गया है. वे मप्र संगठन में महामंत्री की जिम्मेदारी निभा चुकी है. अभी राज्यसभा में हैं.

### आशीष उषा अग्रवाल को भी बड़ी जिम्मेदारी

आशीष उषा अग्रवाल को राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है. प्रदेश भाजपा की मीडिया से जुड़े किसी पदाधिकारी को इस तरह की जिम्मेदारी पहली बार मिली है, अग्रवाल अभी प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी का दायित्व संभाल रहे हैं, जाहिर है कि अब भोपाल के बजाय दिल्ली उनका ठीकाना होगा और प्रदेश में नए भाजपा मीडिया प्रभारी की तैनाती होना तय हो गया है.

# प्रमाण नहीं मिलने पर अदालत ने दी राहत

## 42 साल पहले साध्वी बन चुकी महिला को दहेज केस में बनाया आरोपी

**इंदौर, 17 अगस्त. दहेज प्रताड़ना के मामले में 42 साल पहले साध्वी बन चुकी महिला समेत तीन रिश्तेदारों पर लगाए गए आरोप अदालत में टिक नहीं सके. अपर सत्र न्यायालय ने रिकॉर्ड की जांच के बाद तीनों के खिलाफ निचली अदालत द्वारा तय किए गए आरोप निरस्त कर दिए.**

मामला एरोड्रम थाने में दर्ज दहेज प्रताड़ना की शिकायत से जुड़ा है. इसमें पति के राजस्थान निवासी भाई-भाभी और बहन को भी आरोपी बनाया था. पुलिस ने जांच के बाद चालान पेश किया था, जिसके आधार पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने आरोप तय किए थे. इसके खिलाफ अपर सत्र न्यायालय में रिवीजन पेश किया. बचाव पक्ष की ओर से एडवोकेट महेंद्र मौर्य ने कोर्ट को बताया कि पति की बहन ने वर्ष 1980 में बाल साध्वी के रूप में सांसारिक जीवन छोड़ दिया था. इसके बाद उसका परिवार से संपर्क नहीं रहा और वह शिकायतकर्ता की शादी में भी शामिल नहीं हुई थी. बचाव पक्ष ने यह भी बताया कि राजस्थान में रहने वाले जेठ-जेठानी भी शिकायतकर्ता की शादी में शामिल नहीं हुए थे. इसके बावजूद उन्हें दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी बनाया गया. तर्क दिया गया कि आरोपियों की शिकायतकर्ता से संपर्क और कथित प्रताड़ना की वास्तविक स्थिति की पर्याप्त जांच नहीं हुई.

### दो करोड़ के भूखंड सौदे में की धोखाधड़ी

**इंदौर.** करीब दो करोड़ रुपए के भूखंड के सौदे में 60 लाख रुपए की बयाना राशि देने के बाद भी व्यापारी को न भूखंड मिला और न रकम वापस हुई. सौदा करने वाले व्यक्ति की मौत के बाद उसके बेटे ने राशि लौटाने का नया करार किया, लेकिन तय समय निकलने के बाद भी भुगतान नहीं किया. सुनील चौकसे की शिकायत की जांच के बाद विजयनगर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. जांच के बाद पुलिस ने पंकज पोरवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर दस्तावेज और लेनदेन से जुड़े साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है.

## मेमो ट्रेन के सामने कूदी अज्ञात युवती, मौत

**छिंदवाडा.** देहात थाना क्षेत्र में सोमवार शाम पोआमा स्थित रेलवे फाटक पर एक युवती ने मेमो ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी. हादहसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है. देर रात तक युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी. प्रत्यक्षदर्शी हेमंत गोदरेज के अनुसार, युवती परासिया की ओर से ऑटो में सवार होकर आ रही थी. मेमो ट्रेन के आने का समय होने के कारण रेलवे फाटक बंद था. इसी दौरान युवती ऑटो से उतर गई और चालक को किराया देकर रेलवे ट्रैक के पास जाकर खड़ी हो गई. कुछ देर बाद जैसे ही मेमो ट्रेन वहां पहुंची, युवती अचानक उसके सामने कूद गई.

# प्रदेश में 4 दिन चलेगा भारी बारिश का दौर

## जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 17 अगस्त. बंगाल की खाड़ी में बने डिप्रेशन और मानसूनी सिस्टम के असर से मंगलवार को मध्यप्रदेश के पूर्वी और मध्य हिस्से में बारिश तेज रह सकती है. मौसम विभाग ने जबलपुर, मंडला, बालाघाट समेत कई जिलों में बारिश का असर ज्यादा रहने का अनुमान जताया है.**



12 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि प्रदेश के बड़े हिस्से में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं. बारिश बढ़ने पर निचले इलाकों में पानी भरने, नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने और सड़कों पर फिसलन की स्थिति बन सकती है. उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और पश्चिम बंगाल-उत्तरी ओडिशा तट के पास बना डिप्रेशन पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है. इसके प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी मिल रही है. मानसून ट्रफ और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बने ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण भी बारिश के लिए अनुकूल स्थिति बना रहे हैं.

### पिछले 24 घंटे में कहां बरसा पानी

बीते 24 घंटों में रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभाग के ज्यादातर स्थानों पर बारिश हुई. भोपाल, ग्वालियर और चंबल संभाग में कई स्थानों पर पानी बरसा. नर्मदापुरम संभाग में कुछ जगह बारिश हुई, इंदौर और उज्जैन संभाग में छिटपुट बारिश दर्ज की गई. प्रदेश में सबसे ज्यादा 120.3 मिमी बारिश सिहोरा में दर्ज हुई. मझोली में 105.4 मिमी, अनूपपुर के पुष्पराजगढ़ में 104.6 मिमी और नईगढ़ी में 89 मिमी पानी बरसा. हनुमना में 80 मिमी तथा बरहाई में 79.2 मिमी बारिश दर्ज की गई.

# होटल पर छापा : चार युवतियां और एक युवक पकड़े गए

**मुरैना, 17 अगस्त. मुरैना में पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक होटल में छापा मारकर चार युवतियों और एक युवक को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा, जबकि कुछ अन्य युवक पुलिस की लगने पर होटल की दीवार फांदकर फरार हो गए.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार सईद नहर की पुलिया के समीप संचालित होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की सूचनाएं मिल रही थीं. सूचना के आधार पर नगर पुलिस अधीक्षक दीपाली चंदौरिया के नेतृत्व में मुरैना और सिविल लाइंस पुलिस की संयुक्त टीम ने होटल पर अचानक दबिश दी.

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल से चार युवतियों और एक युवक को पकड़ा. पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही कुछ युवक होटल की दीवार फांदकर मौके से फरार हो गए. पुलिस फरार युवकों की पहचान और उनके संबंध में जानकारी जुटा रही है. पुलिस के अनुसार होटल में संचालित गतिविधियों की जांच की जा रही है. पकड़े गए युवक और युवतियों से पूछताछ के बाद मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## राजीव ज्योति यात्रा का कांग्रेस ने किया स्वागत

**ग्वालियर.** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तमिलनाडु के पेरंबदूर से राजीव गांधी ज्योति यात्रा प्रारंभ हुई, जो देश प्रदेश के विभिन्न शहरों से होती हुई ग्वालियर पहुंची. यात्रा के ग्वालियर पहुंचने पर बेला की बावड़ी पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने यात्रा का स्वागत कर अगवानी की. कांग्रेसजनों ने प्रात: राजीव गांधी ज्योति यात्रा को दिल्ली के लिए रवाना किया. यात्रा का समापन 20 अगस्त को राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर दिल्ली पहुंचकर होगा. इस यात्रा में शहर के साथ ही आसपास और अन्य प्रदेशों के कांग्रेसजन भी शामिल हो रहे हैं.

# रीमॉडलिंग कार्य से प्रभावित होंगी ट्रेनें

## तीसरी रेल लाइन जोड़ने के काम के चलते कई ट्रेनें डायवर्ट

**भोपाल, 17 अगस्त. बीना रेलवे स्टेशन यार्ड के रीमॉडलिंग कार्य के कारण सितंबर और अक्टूबर 2026 में रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. उत्तर मध्य रेलवे द्वारा आगासौद-बीना के बीच तीसरी रेल लाइन को बीना स्टेशन से जोड़ने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग का काम किया जा रहा है.**

इसके चलते कई ट्रेनों को रद्द किया जाएगा, कई के मार्ग बदले जाएंगे, जबकि कुछ ट्रेनों का संचालन अन्य स्टेशनों से किया जाएगा. रेल प्रशासन के अनुसार बीना यार्ड में कार्य तीन चरणों में पूरा होगा. पहला चरण 14 से 31 अगस्त तक, दूसरा चरण 1 सितंबर से 12 अक्टूबर तक और अंतिम नॉन इंटरलॉकिंग कार्य 13 से 15 अक्टूबर 2026 तक चलेगा. इस दौरान यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किए गए हैं.

यार्ड रीमॉडलिंग के दौरान भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा. ट्रेन नंबर 12197 और 12198 भोपाल-ग्वालियर-भोपाल एक्सप्रेस 1 से 15 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी. इसके अलावा ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस, बीना-ललितपुर, बीना-रूठियाई, बीना-कटनी मुड़वारा सहित कई पैसेंजर सेवाएं भी निर्धारित अवधि में निरस्त रहेंगी.

### रांची रोड पर रुकेगी भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस

**भोपाल.** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 13025/13026 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस के ठहराव में अस्थायी बदलाव किया है. अब यह ट्रेन बड़काकाना के स्थान पर रांची रोड स्टेशन पर अस्थायी रूप से रुकेगी. यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी. गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का रांची रोड स्टेशन पर आगमन शाम 7:10 बजे और प्रस्थान 7:15 बजे होगा.



# रिफॉर्म उत्सव के क्रियान्वयन के लिए कमेटी गठित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 17 अगस्त. भारत सरकार द्वारा जन मंथन-विमर्श-समाधान के माध्यम से सिस्टेमिक रिफॉर्म की पहचान एवं क्रियान्वयन के लिए प्रारंभ की गई नागरिक उन्मुख पहल रिफॉर्म उत्सव के मप्र में प्रभावी समन्वय, नागरिक सहभागिता, समयबद्ध क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण सुनिश्रिचत करने के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टेट लेवल को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया है.**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, नगरीय विकास एवं आवास, उच्च शिक्षा, वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामान्य प्रशासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्कूल शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा जनसंपर्क विभाग सदस्य होंगे. प्रबंध संचालक, मप्र औद्योगिक विकास निगम को सदस्य-संयोजक नामित किया गया है. आवश्यकता होने पर संबंधित विभाग के भारसाधक सचिव, विषय विशेषज्ञ एवं सलाहकारों को भी विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में आमंत्रित किया जायेगा.

### सुधारों की प्रगति की करेंगे समीक्षा

स्टेट लेवल को-ऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा भूमिकाओं एवं दायित्वों के अंतर्गत रिफॉर्म उत्सव के लिए राज्य कार्य योजना तैयार करना तथा रणनीतिक दिशा निर्देश एवं अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना, राज्य एवं जिला स्तर पर सिटीजन मोबिलाइजेशन, जनजागरूकता एवं हितधारक सहभागिता का समन्वय एवं अनुश्रवण करना, नागरिकों से प्राप्त सुझावों का संकलन, प्रिलिमिनरी स्क्रीनिंग एवं कन्सर्न्ड डिपार्टमेंट्स को रेफरल सुनिश्चित करना, विभागीय एवं अंतर्विभागीय विमर्श के माध्यम से सुधार-सुझावों का परीक्षण एवं क्विकविन तथा मध्यम संरचनात्मक सुधारों के रूप में वर्गीकरण तथा आवश्यक रोडमैप तैयार करना जैसे कार्यों का निर्वहन करेगी. कमेटी रिफॉर्म उत्सव पार्टल एवं विद्यमान डिजिटल अनुश्रवण तंत्रों के माध्यम से सुधारों की प्रगति की समीक्षा करेगी. समिति की बैठक माह में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बैठक भी आयोजित की जा सकेगी.

# 1.26 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 अगस्त. मध्य प्रदेश पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, भंडारण, परिवहन और तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए पिछले एक सप्ताह में विभिन्न जिलों में 1.26 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और संबंधित संपत्ति जब्त की है.**



नीमच में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 10.15 किलोग्राम अफीम बरामद की, जिसकी कीमत करीब 51 लाख रुपये बताई गई है. सिंगरौली में 91.79 किलोग्राम गांजा, 93 लीटर अवैध शराब और दो कारें जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. आगर-मालवा में मिनी ट्रक से 252.83 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद कर एक आरोपी को पकड़ा गया. जबलपुर में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में करीब 30 किलोग्राम गांजा जब्त कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इंदौर में 11.5 लाख रुपये मूल्य की 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. पुलिस ने एक आरोपी के साथ एक नाबालिग को भी पकड़ा. सागर, मंदसौर, गुना, हरदा और कटनी में भी कार्रवाई की गई. सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तस्करी नेटवर्क की जांच की जा रही है.

## राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ी, पटवारी दीवान सिंह निलंबित

**ग्वालियर.** कलेक्टर रुचिका चौहान को प्राप्त शिकायत की जांच में राजस्व अभिलेखों से संबंधित कार्यों में अनियमितता प्रमाणित पाए जाने पर एसडीएम ग्वालियर सिटी ने पटवारी दीवान सिंह राजपूत को निलंबित कर दिया है. कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शिकायत प्राप्त होने के बाद एसडीएम ग्वालियर सिटी को मामले की जांच के निर्देश दिए थे. जांच में यह तथ्य सामने आया कि पटवारी द्वारा एसएआरए 2.0 पोर्टल पर दर्ज नामांतरण प्रकरण में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तथा राजस्व अभिलेखों में अनियमितता की गई.

# कलेक्टर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेशन कमेटी गठित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 17 अगस्त. भारत सरकार की नागरिक उन्मुख पहल रिफॉर्म उत्सव के तहत जन मंथन-विमर्श-समाधान के माध्यम से नागरिकों से प्राप्त प्रणालीगत सुधार संबंधी सुझावों के प्रभावी संकलन, जिला स्तर पर नागरिक सहभागिता एवं जन-जागरूकता तथा गतिविधियों के समन्वय के लिए राज्य शासन ने कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया है.**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आयुक्त नगर निगम/मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सदस्य होंगे. महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को सदस्य-संयोजक नामित किया गया है. जरूरत होने पर संबंधित विभागों के अधिकारियों, संबंधित सस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में बुलाया जा सकेगा.

समिति की बैठक माह में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बैठक भी आयोजित की जा सकेगी.

## पेज एक का शेष

### नवभारत का प्रिंट से डिजिटल तक का गौरवशाली सफर

विस्तार केवल भौगोलिक पहुंच बढ़ाने तक सीमित नहीं था, बल्कि बदलते समय के साथ पत्रकारिता के स्वरूप में आ रहे बदलावों की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम था. इसके बाद पत्रकारिता का दौर तेजी से बदला. प्रिंट के साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और फिर इंटरनेट तथा डिजिटल मीडिया ने समाचारों के स्वरूप, प्रस्तुति और प्रसार को नई दिशा दी. नवभारत ने भी बदलती तकनीक और पाठकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप डिजिटल पत्रकारिता की ओर कदम बढ़ाया. वेबसाइट, सोशल मीडिया, मोबाइल और वीडियो प्लेटफॉर्म के माध्यम से खबरों की पहुंच तत्काल और व्यापक पाठक वर्ग तक होने लगी. डिजिटल दौर ने नवभारत की पत्रकारिता को अधिक तेज, संवादात्मक और बहुआयामी बनाया है. अब खबर केवल अगले दिन के अखबार तक सीमित नहीं रही, बल्कि घटनास्थल से तत्काल अपडेट, फोटो, वीडियो, लाइव कवरेज, एक्सप्लेनर और विश्लेषण के रूप में पाठकों तक पहुंचने लगी है. नवभारत की पत्रकारिता यात्रा में यह बदलाव उस निरंतर विकास का हिस्सा है, जिसमें संस्थान ने समय के साथ तकनीक, माध्यम और पाठकों की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को विस्तार दिया. नवभारत की यात्रा केवल समाचार-पत्र के विस्तार की कहानी नहीं, बल्कि पत्रकारिता, जनसेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्तित्वों की भी यात्रा है. संस्थापक श्री रामगोपाल जी माहेश्वरी बाबूजी के पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला और उनके सम्मान में डाक विभाग द्वारा 20 नवंबर 2012 को डाक टिकट जारी किया जाना उनके योगदान की महत्वपूर्ण पहचान है.

**नई शुरुआत** | अभियान का उद्देश्य : नागरिकों की समस्याओं को चिन्हित कर उन्हें व्यवस्थित तरीके से उठाना है

# युवा कांग्रेस ने शुरू किया 'बेहतर भोपाल' अभियान

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 17 अगस्त. अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के निर्देश पर देशभर में चलाए जा रहे 'बेहतर सिटी अभियान' के तहत भोपाल में 'बेहतर भोपाल' अभियान की शुरुआत की गई. अभियान का उद्देश्य शहर के वार्डों और मोहल्लों में नागरिकों की मूलभूत समस्याओं को चिन्हित कर उन्हें संबंधित विभागों के समक्ष व्यवस्थित तरीके से उठाना है.**




मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के राजीव गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व भोपाल ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल कोटवाल ने अभियान का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में पूर्व युवा कांग्रेस एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा एआईसीसी सचिव कुणाल चौधरी, प्रदेश महासचिव अमित शर्मा, कांग्रेस प्रवक्ता राहुल राज, सुरेश शर्मा, कुंदन पंजाबी और युवा कांग्रेस सचिव अनिकेत द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. अभियान के तहत युवा कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में पहुंचकर नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे तथा उनकी समस्याओं का दस्तावेजीकरण करेंगे. इन समस्याओं को नगर निगम, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा.

सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता, कचरा संग्रहण, यातायात, पार्किंग, सार्वजनिक परिवहन, सार्वजनिक शौचालय, पार्क, खेल मैदान, सरकारी स्कूल एवं अस्पताल तथा आवास और भूमि-स्वामित्व से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी. गोपाल कोटवाल ने कहा कि अभियान में सफाईकर्मियों, छोटे व्यापारियों, स्ट्रीट वेंडरों, ऑटो-रिक्शा चालकों, महिलाओं, विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा.

### कृषि महोत्सव वर्ष की तैयारियों पर उठे सवाल



**भोपाल.** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं कांग्रेस नेता कुणाल चौधरी ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषि महोत्सव वर्ष' अथवा 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मनाने की तैयारियों पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार किसानों के हित में बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर किसान खाद की कमी, फसलों के उचित दाम और समय पर भुगतान जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं. चौधरी ने कहा कि सरकारी दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है. किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है और बिक्री पर कथित प्रतिबंधों से उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं.